म.प्र.पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड
( म.प्र. शासन के पूर्ण स्वामित्व में)
CIN No.U40109MP2001SGC014880
कार्यालय – अधीक्षण अभियंता अति उच्च दाब निर्माण वृत्त
एफ–3, ट्रांसमीशन प्रशासनिक भवन, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023
दूरभाष क्रमांक (0755)2600808, e-mail : Seehtc.bpl@mptransco.nic.in

क्रमांक: 73210/क्रय/2026-27/ई-निविदा/143-44 भोपाल दिनांक :28.04.2026

# ई-निविदा आमंत्रण सूचना-66

मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड में निम्नांकित कार्यो हेतु, समान प्रक्रति के कार्यो के अनुभवी एवं केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र.शासन के लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत अथवा निम्न सारणी में प्रदर्शित अनुभव एवं वित्तीय अहर्ताओं को पूर्ण करने वाले ठेकेदारों से प्रपत्र ''अ'' में कार्यमात्रा देयक के पार्ट-ए के लिए लोक निर्माण विभाग, म.प्र.शासन के दिनांक 01/01/2024 से प्रभावशील एस.ओ.आर. (बिल्डिंग कार्य हेतु) समस्त अधतन संशोधन सहित, जिसमें किसी भी सामग्री की लीड अलग से देय नहीं होगी, की दरो एवं निर्धारित आधार दरो के सापेक्ष, समतुल्य अथवा कम/अधिक दरो (प्रतिशत में) एवं कार्यमात्रा देयक के पार्ट-बी के लिए आइटम दरो पर ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की जाती है, जिन्हे पोर्टल http:/www.mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा (Key Dates) में ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकेगा तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित तिथि (Key Dates) में एवं समय पर उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा : -

| क्र मां क | निविदा वेशेषीकरण क्रमांक | निविदा आइ.डी. क्रमांक | स्थान एवं कार्य का नाम | अनुमानित संविदा राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित | न्यूनतम वांछित कार्य अनुभव (पीस मील कार्यो सहित) | वांछित वित्तीय अर्हतायें नेट वर्थ | विगत तीन वित्तीय वर्षो का न्यूनतम औसत टर्न ओवर | वर्किंग कैपिटल (बैंक द्वारा जारी फंड बेस्ड लाईन आफ क्रेडिट सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 66/469 | 2026_MPPTC_503579_1 | म.प्र.पा.ट्रांस.क.लिमि. भोपाल में बिजली नगर कॉलोनी स्थित प्रशासकीय भवन एवं कार्यालयीन भवनो में हाउस कीपिंग सेवाये देने तथा बगीचे एवं सीवर लाइन के रख रखाव कार्य बाबत। | रूपये 13.82 लाख | रूपये 1000+180 (जीएसटी) = 1180/- | रूपये 28000/- | 12 माह | रूपये 6.91 लाख | पॉज़िटिव | रूपये 5.55 लाख | रूपये 4.56 लाख |

(उपरोक्त कार्य हेतु कंपनी के परिपत्र क्रमांक एएस/एमपीपीटीसीएल/सीआइआर/2106 दिनांक 28/07/2014 में निहित प्रावधान लागू होंगे । कार्य का विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र में, जो कि पोर्टल http:/www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है देखा जा सकता हैं। निविदा कि प्रस्तुति की तिथि एवं खोलने कि तिथि की अधतन/तिथि व्रद्धि की जानकारी हेतु ऑनलाइन Key dates का अवलोकन किया जावे) ।

(2) केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र.शासन के लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार अथवा वांछित वित्तीय मापदंड एवं अनुभव की आहर्ताओ के आधार पर, दोनों श्रेणी के ठेकेदार, ई.पी.एफ. एवं जीएसटी में पंजीकृत होने में भाग लेने हेतु पात्र होंगे ।

(3) उक्त आधार पर निविदा प्रक्रिया में सहभागिता हेतु पंजीकरण प्रमाण-पत्र अथवा पंजीकृत चार्टड एकाउंटेंट द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्र, की प्रति की प्रस्तुति आवश्यक होगी । अनुभव प्रमाण-पत्र, जो संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता अथवा समकक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, की प्रस्तुति भी आवश्यक होगी ।

(4) निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किए जा सकेंगे जिन्हे कि मुख्य पोर्टल http:/www.mptenders.gov.in से निर्धारित, गैरवापसी योग्य (Non Refundable) निविदा प्रपत्र फीस का ई-प्रॉक्यूरमेंट सिस्टम के अंतर्गत एकीकृत गेट-वे सर्विसेस का ऑनलाइन भुगतान कर डाउनलोड किया जा सकेगा, सर्विस एवं गेट-वे व्यय का भुगतान निविदाकारों को करना होगा, जोकि किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा ।

(5) निविदाकारों को बिड-डाटा भर कर सभी लिफाफो एवं दस्तावेजो कि बिड-सील्स, जिन्हे कि निविदाकार द्वारा अपलोड किया जाना हैं, को निर्धारित समय सीमा (Key Dates) में ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा ।

(6) निविदा के संबंधित भाग को जिसे कि निविदाकार द्वारा ऑनलाइन भरा जाना हैं, उपरोक्त वैबसाइट पर प्रत्येक निविदा के समक्ष प्रदर्शित तिथि पर उक्त वैबसाइट पर उपलब्ध /द्रष्टव्य होगा ।

म.प्र.पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

( म.प्र. शासन के पूर्ण स्वामित्व में)

CIN No.U40109MP2001SGC014880

कार्यालय – अधीक्षण अभियंता अति उच्च दाब निर्माण वृत्त

एफ–3, ट्रांसमीशन प्रशासनिक भवन, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023

दूरभाष क्रमांक (0755)2600808, e-mail : Seehtc.bpl@mptransco.nic.in

(7) प्राइस बिड ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना होगी, जिसमें GST Including/excluding का स्पस्ट उल्लेख करना होगा अन्यथा प्रस्तुत दर को excluding GST माना जावेगा।

(8) चूकि ऑनलाइन निविदाकारों को उनकी निविदा में Class-III डिजिटल प्रमाण-पत्र का उपयोग करते हुये हस्ताक्षर करना होगा, इसलिए परामर्श हैं कि वे इसे शीघ्र प्राप्त कर ले। उत्तरोत्तर जानकारी कि प्राप्ति हेतु निविदाकारों से निवेदन हैं कि वे मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड, राज्य आई.टी. केंद्र द्वितीय तल, 47-ए अरेरा हिल्स, भोपाल-462011, दूरभाष 0755-2518500/269, ई-मेल brahme@mpsedc.com से संपर्क करे अथवा मेसर्स टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड, पांचवा तल, कॉर्पोरेट ब्लॉक, डी.बी.मॉल, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 दूरभाष क्रमांक 0755-4075011 और टोलफ्री नंबर 18002748484, ई-मेल एड्रैस eproc_helpdesk@mpsdc.gov.in. Shri Ajay Khate of M/s TCS Limited से मोबाइल नंबर 08989436595 पर इस हेतु संपर्क किया जा सकता हैं।

(9) निविदाकार जो निविदा प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं, को चाहिए कि वे स्वंय को "E-Procurement System" में प्रशिक्षत करें। उन्हें सर्विस प्रोवाइडर मेसर्स टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड से अपने Session की पूर्व सुनिश्चता हेतु संपर्क करना चाहिए।

(10) निविदा से संबंधित यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता हैं साथ ही यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में परिवर्तन बाबत सूचनाये जारी की जावेगी, तो उन्हें वैबसाइट http:/www.mptenders.gov.in और कंपनी की वैबसाइट http:/www.mptransco.in में डिस्प्ले किया जावेगा। किन्तु समाचार पत्रों में इन्हें प्रकाशित नहीं किया जावेगा, इसलिए प्रतिभागी निविदाकारों को सलाह दी जाती हैं कि वे निविदा के खोले जाने तक नियमित रूप से, वैबसाइट का अवलोकन (Visit) करें। शुद्धि पत्र अथवा तिथि परिशिस्ट अथवा परिवर्तन कि जानकारी से अनभिज्ञ रहने कि दशा में कंपनी (एमपीपीटीसीएल) किसी भी प्रकार से जवाबदार नहीं होगी।

(11) निविदा प्रपत्र पोर्टल http:/www.mptenders.gov.in पर दिनांक **28/04/2026** से उपलब्ध रहेगा इस हेतु निविदाकारों को नियमित रूप से पोर्टल के अवलोकन (Visit) करने कि सलाह दी जाती हैं।

(12) वस्तु एवं सेवाकर (GST) के संबंध में शासन द्वारा लागू नियम /प्रावधान लागू होंगे। निविदाकार को GST Act w.e.f. 01/07/2017 के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं एवं इसका विवरण भी प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदा मान्य नहीं की जावेगी। कार्यपूर्णता में विलंब की दशा में निविदाकार के दोषी पाये जाने की स्थिति में निविदा प्रावधानों के अनुरूप शास्ति आरोपण किए जाने पर शास्ति की राशि पर 18% की दर से GST प्रथक से ठेकेदार से वसूली जावेगी।

(13) धरोहर राशि ऑनलाइन ही स्वीकार की जावेगी। धरोहर राशि ऑनलाइन के अलावा अन्य किसी रूप में होने पर निविदा की अगली निर्धारित प्रक्रिया में ठेकेदार को सम्मलित नहीं किया जावेगा।

(14) निविदा प्रपत्र आनलाईन जमा करते समय चेकलिस्ट, प्रश्नावली, केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकरण की छायाप्रति, ऑनलाइन टेंडर फीस भुगतान की रसीद, पैन (PAN) नंबर, ईएमडी की ऑनलाइन रसीद ईपीएफ़ रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत किए जावे तथा वित्तीय मापदंड एवं अनुभव के आधार पर जमा की जाने वाली निविदाओ में बैंक सर्टिफिकेट (बैंक द्वारा प्रमाणित), सीए सर्टिफिकेट (ठेकेदार की वित्तीय जानकारी) इंकम टैक्स रिटर्न (3 वर्ष के ऑडिट स्टेटमेंट के साथ), टी.एंड.पी सूची, अधीनस्थ स्टाफ की सूची एवं वर्तमान में किए जा रहे एवं पूर्व में किए गए कार्यो का विवरण (अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ) संबंधी दस्तावेज़ जमा किए जावे।

(15) यदि निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकार, केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत हैं तो "प्राइस-बिड" EMD एवं Technocommercial Bid के साथ खोली जा सकती हैं।

(16) संविदाकार को विद्युत सयन्त्रो और विधयुत लाइनों के निर्माण, जिनमे सिविल कार्य भी सम्मलित हैं, के अंतर्गत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के विनियम 2011 की कंडिका 4 (2) के अनुरूप सुरक्षा आवश्यकताओ के अनुपालन तथा IS 18001 के अनुरूप व्यवसायिक स्वस्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु वांछित कार्यवाही करना होगी।

म.प्र.पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड
( म.प्र. शासन के पूर्ण स्वामित्व में)
CIN No.U40109MP2001SGC014880
कार्यालय – अधीक्षण अभियंता अति उच्च दाब निर्माण वृत्त
एफ–3, ट्रांसमीशन प्रशासनिक भवन, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023
दूरभाष क्रमांक (0755)2600808, e-mail : Seehtc.bpl@mptransco.nic.in

(17) बिना कोई कारण बताए /पूर्व सूचना के निविदा /निविदा सूचना को पूर्णता /आंशिक रूप से स्वीकृत/ अस्वीकृत अथवा अमान्य / रद्द करने का अधिकार समक्ष अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा । अतिरिक्त विवरण हेतु कार्यालयिन समय में इस कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0755-2600808 पर संपर्क किया जा सकता है ।

**(जे.पी. रमपुरया)**
**अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दा.-निर्माण)**
**म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, भोपाल**

क्रमांक: 73210/क्रय/2026-27/ई-निविदा/**143-44** भोपाल दिनांक :**28.04.2026**

प्रतिलिपि : -

1. मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब-निर्माण) म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर ।
2. मुख्य अभियंता (परी. एवं संचार) म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर ।
3. अधीक्षण अभियंता (अति उच्च दाब – निर्माण) वृत्त, म.प्र.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि. जबलपुर / इंदौर ।
4. अधीक्षण अभियंता (परी. एवं संचार) वृत्त, म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर / सागर / सतना /भोपाल/ग्वालियर/इंदौर/उज्जैन/सीवनी ।
5. अधीक्षण अभियंता (400 के.बी. उपकेंद्र) वृत्त, म.प्र.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., नागदा / भोपाल / खंडवा /बीना ।
6. अधीक्षण अभियंता (आई.टी.) कार्या: मुख्य अभियंता (पी एंड डी) म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं संबंधित हेतु म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड की वेबसाइट पर उक्त निविदा सूचना के प्रकाशन हेतु । ई-मेल द्वारा भी भेजा गया ।
7. मेसर्स ठेकेदार श्री ........................................................................ ।

**(जे.पी. रमपुरया)**
**अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दा.-निर्माण)**
**म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, भोपाल**

Signature Not Verified
Digitally signed by Atul Nabar
Date: 2026.04.28 12:18:28 IST
Location: Madhya Pradesh-MP